6/H—7 (viii) (Syllabus-2015)

2018

(April)

HINDI

(Honours)

[Hindi Gadya Sahitya (Vividh Vidhayen)]

(HIN–HN–8)

Marks : 75

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **तीन** की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए : 5×3=15

(क) जिन्होंने जनता का नेतृत्व किया, जनता के आगे होकर गोलियाँ खाईं, जो एक दिन जनता की आँखों के तारे थे, वे ही आज पुलिस के पहरे में जनता से मिलने जाते हैं।

(ख) पानी जो तीन मंजिल ऊपर चढ़ाना पड़ता है। इसीलिए भाग जाते हैं, और गरमी क्या कम है! किसी को क्या जरूरत पड़ी है जो गरमी में भुने। यह तो हमारा ही भाग्य है कि चने की तरह भाड़ में भुनते रहते हैं।

(Turn Over)

(ग) इधर उनके घर की हालत भी अच्छी हो चली थी। दादा के पुण्य और लायक बेटों की मेहनत ने काफी पैसे इकट्ठे कर लिये थे। लेकिन उनमें वही विनम्रता और सज्जनता थी।

(घ) अहा! यही है वह काली कालिन्दी जो सूर्य-सुता और यमभगिनी है, जिसके तट पर मोहन ने रास रचाए थे, जिसके तट पर शाहजहाँ की 'आँखों का आँसू' विश्व का अद्‌भुत सौन्दर्य 'ताज' खड़ा है।

(ङ) हमारे देश में समय को धूल-कणों की भाँति फूँक मारकर उड़ा दिया जाता है। जब हमारा देश समय की कीमत करना जानेगा, तब हमारे देश को किसी बात की कमी नहीं रहेगी।

2. एकांकी-कला के आधार पर 'भोर का तारा' नामक एकांकी की समीक्षा कीजिए। 15

अथवा

'नये मेहमान' नामक एकांकी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

3. 'महात्मा गाँधी' नामक रचना में लेखक ने गाँधी जी की किन चारित्रिक विशेषताओं को रेखांकित किया है? सोदाहरण समझाइए। 15

अथवा

'सुभान खाँ' नामक रेखाचित्र की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए।

4. द्विवेदी तथा प्रेमचंद-युगीन हिन्दी कहानी की विकास-यात्रा पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

'निबंध' शब्द की व्युत्पत्ति पर प्रकाश डालते हुए शुक्ल-युगीन निबंधों की विशेषताओं का विवेचन कीजिए।

5. जीवनी साहित्य की विकास-यात्रा को रेखांकित कीजिए। 15

अथवा

प्रसादोत्तर हिन्दी नाटकों के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

★★★

(Continued)

2018

(April)

HINDI

(Honours)

[Bharatiya Kavya (Chintan Aur Paschatya Sahitya-Siddhant)]

(HIN–HN–7)

Marks : 75

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. रीति-सम्प्रदाय के उद्‌भव और विकास पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

अलंकार-सम्प्रदाय का सामान्य परिचय दीजिए।

2. काव्य-प्रयोजन के संबंध में आचार्य मम्मट के विचारों का विवेचन कीजिए। 15

अथवा

काव्य-लक्षण विषयक आचार्य भरत के विचारों का उल्लेख कीजिए।

3. अभिधा शब्द-शक्ति का सामान्य परिचय प्रस्तुत कीजिए। 15

अथवा

रसगत काव्यगुण के भेदों का विवेचन कीजिए।

4. प्रगतिवादी काव्य-दृष्टि की समीक्षा कीजिए। 15

अथवा

स्वच्छन्दतावादी काव्य-चिन्तन के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर टिप्पणियाँ लिखिए : $5 \times 3 = 15$

(क) अभिजातवाद

(ख) रस-सम्प्रदाय

(ग) औचित्य सम्प्रदाय

(घ) पंडितराज जगन्नाथ का काव्य-लक्षण

(ङ) लक्षणा

★ ★ ★